an>

Title: Regarding financial assistance to flood affected areas in Maldah Uttar, West Bengal.

श्री खगेन मुर्मु (माल्दहा उत्तर): माननीय अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे अपने लोकसभा क्षेत्र माल्दहा उत्तर के एक अति महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का अवसर प्रदान किया, उसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य, एक मिनट रुकिये । अब किसी सदस्य को चेयर को धन्यवाद देने की आवश्यकता नहीं है आपका नाम लॉटरी में खुला है, इसलिए आप सीधा बोले ।

श्री खगेन मुर्मु: ठीक है, महोदय, मेरे लोकसभा क्षेत्र की एक बहुत बड़ी समस्या बाढ़ की है । हर साल मेरे लोकसभा क्षेत्र में गंगा और उसकी सहायक नदियों में बाढ़ की वजह से लाखों लोग प्रभावित होते हैं । हर साल मेरे लोकसभा क्षेत्र में बाढ़ की वजह से करोड़ों लोगों के जन-धन औऱ फसलों की हानि होती है । मेरे लोकसभा क्षेत्र के रतुआ ब्लाक के महानंदटोला और बिलाईमारी तथा हरिश्चंद्रपुर-2 के भालुका एवं भाकुरिया उत्तर तथा दक्षिण सबसे ज्यादा प्रभावित क्षेत्रों में से हैं । इसके साथ ही अन्य क्षेत्रों में भी गंगा तथा उसकी सहायक नदियों की बाढ़ से आम जनता को काफी नुकसान होता है ।

मेरे लोकसभा क्षेत्र की एक और प्रमुख गंगा की सहायक नदी फुलाहार है, जिसमें बाढ़ के कारण भाकुरिया और उसके आस-पास की करीब हजारों एकड़ जमीन और हजारों की संख्या में आम जनता प्रभावित होती है । फुलाहार नदी में बाढ़ से होने वाले कटान के कारण भाकुरिया की लगभग सैकड़ों एकड़ जमीन नदी में समा गई है । इसके अलावा गंगा से प्रभावित होने वाले क्षेत्र मानिकचक ब्लाक, कालियाचक 2 और 3, पारदेवनापुर, शोभापुर जो कि मालदा दक्षिण के तथा फरक्का ब्लाक, शमशेरगंज ब्लाक, सुती-1, सुती-2, रघुनाथगंज-1 और 2, लालगोला, रानीनगर, कांदी ब्लाक, जो कि मुर्शिदाबाद के अंतर्गत आते हैं, इसके

अलावा नदिया जिले के भी कुछ हिस्से हैं जो गंगा और उसकी सहायक नदियों में बाढ़ के पानी से काफी प्रभावित होते हैं ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री महोदय से अनुरोध करना चाहता हूँ कि गंगा और इसकी सहायक नदियों में बाढ़ से होने वाले नुकसान का समुचित समाधान करने की कृपा करें तथा प्रभावित क्षेत्र की आम जनता को हो रहे नुकसान तथा हुए नुकसान के लिए राहत तथा पुनर्वास की व्यवस्था जल्द से जल्द करने की कृपा करें । इसके साथ ही मैं यह भी माननीय मंत्री महोदय से अनुरोध करना चाहूँगा कि इस बाढ़ की समस्या का पूर्ण समाधान करने की कृपा करें ताकि आम जनता को इस त्रासदी से निजात मिल सके, धन्यवाद सर ।